# एक्सप्रेसवे के आसपास की जमीन पर लगेंगी एमएसएमई इकाइयां : सचान

## निवेशकों द्वारा शुरू परियोजनाओं की हैंड होल्डिंग की जाएगी

अमर उजाला ब्यूरो



एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने खादी भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये अफसरों से विभाग के कामों की समीक्षा की। -विभाग

**लखनऊ।** प्रदेश के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने निर्देश दिया कि एक्सप्रेसवे के आसपास की जमीन पर एमएसएमई पार्क स्थापित किए जाएं। जिलों में खाली जमीन का चिह्नांकन उपायुक्त उद्योग जल्द से जल्द करें ताकि निवेशकों को आसानी से भूमि उपलब्ध हासिल कर सकें। वह बुधवार को खादी भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये एमएसएमई विभाग की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने प्रदेश के राजकीय औद्योगिक स्थानों में खाली व बंद फैक्टरी वाले भूखंडों को चिह्नित करते हुए नए उद्यमियों व निवेशकों को आवंटित करने के भी निर्देश दिए। भूमि पूजन समारोह में निवेशकों द्वारा शुरू की गई परियोजनाओं की हैंड होल्डिंग की जाएगी।

उन्होंने सभी जिला उद्योग केंद्रों व संयुक्त आयुक्त कार्यालयों को इंवेस्टर्स फ्रेंडली बनाने के लिए सुंदरीकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने दस खरब डालर की अर्थव्यवस्था के लिए वर्तमान विकास दर को बढ़ाकर दोगुना करने पर जोर दिया। मंत्री ने कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी एमएसएमई से संबंधित योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए अभियान चलाएं। बैठक में प्रमुख सचिव एमएसएमई एवं निर्यात प्रोत्साहन आलोक कुमार, सचिव प्रांजल यादव, उद्योग आयुक्त एवं निदेशक राजेश कुमार आदि मौजूद थे।